सलेमपुर में 5 करोड़ की लागत से वीटा चिलिंग प्लांट प्रथम फेज का शिलान्यास

चर्चा में क्यों?

28 मई, 2023 को हरियाणा के कृषि मंत्री जे.पी. दलाल ने प्रदेश के भिवानी ज़िले के सलेमपुर गाँव में करीब पाँच करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले वीटा चिलिंग प्लांट के प्रथम फेज का शिलान्यास किया।

प्रमुख बिंदु

- इस चिलिंग प्लांट से लोहारू के अलावा तोशाम, बाढड़ा व सतनाली के पशुपालकों को सीधा लाभ होगा। चिलिंग प्लांट बनने से न केवल किसानों की आय बढ़ेगी, बल्कि युवाओं के लिये रोज़गार के अवसर भी बढ़ेंगे।
- कृषि मंत्री ने कहा कि वीटा अपने आप में एक नाम है और यहाँ बनने वाले वीटा प्रोडेक्ट्स को गुजरात की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।
- प्रथम फेज में इसकी क्षमता 20 हजार लीटर प्रतिदिन की होगी, जबकि दूसरे और तीसरे साल में इसकी क्षमता को 40 हजार लीटर तक बढ़ाया जाएगा।
- विदित है कि हरियाणा देश का एकमात्र ऐसा राज्य है, जहाँ सर्वाधिक पशुधन क्रेडिट कार्ड बनाए गए हैं। प्रदेश में एक हजार करोड़ रुपए की राशि के पशु क्रेडिट कार्ड बनाए जा चुके हैं। इस क्रेडिट कार्ड पर चार प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को ऋण सहायता मुहैया करवाई जा रही है।
- कृषि मंत्री ने किसानों से आह्वान किया कि वे अच्छी नस्ल के पशु के लिये कृत्रिम गर्भाधान करवाएँ। नस्ल सुधार से दूध का उत्पादन बढ़ेगा।
- हरियाणा प्रदेश पूरे देश में दूध उत्पादन में दूसरे नंबर पर आ गया है। प्रदेश सरकार का प्रयास है कि दूध उत्पादन में प्रदेश का देशभर में पहला स्थान हो। इसलिये राज्य सरकार नई योजनाओं का क्रियान्वयन कर पशुपालन को बढ़ावा दे रही है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/foundation-stone-of-first-phase-of-vita-chilling-plant-in-salempur-at-a-cost-of-5-crores